
# मक्खन पर महाभारत



डॉ. सिअस





# मक्खन पर महाभारत


डॉ. सिअस



गर्मी के आखिरी दिन, पतझड़ से दस घंटे पहले. .
.




...मेरे दादाजी मुझे बाहर दीवार के पास ले गए.




कुछ देर तक वो चुप खड़े रहे
फिर एक बड़े दुखद झटके के साथ
उन्होंने अपने बूढ़े सिर को हिलाया
और अंत में कहा,
"जैसा कि तुम जानते ही हो, दीवार के इस तरफ हम युक्स हैं.
और उस दीवार के दूसरी ओर ज़ूक्स रहते हैं."

फिर मेरे दादाजी ने कहा,
"अब समय आ गया है कि तुम जानो
वो बेहद भयानक काम, जो ज़ूक्स करते हैं.
प्रत्येक ज़ूक के घर में और प्रत्येक ज़ूक के शहर में
हर ज़ूक अपनी डबलरोटी खाता है
मक्खन, डबलरोटी के नीचे की ओर लगाकर!




"लेकिन हम यूक्स, जैसा कि तुम जानते हो,
जब हम अपना नाश्ता या भोजन करते हैं," दादाजी ने कहा,
"तब हम अपनी डबलरोटी के ऊपर भाग पर मक्खन लगाते हैं.
देखो, वही सही और ईमानदार तरीका है!"
दादाजी ने दाँत पीसते हुए कहा.
"इसलिए हम ऐसे किसी ज़ूक पर भरोसा नहीं कर सकते
जो डबलरोटी के नीचे मक्खन लगाता हो!
प्रत्येक ज़ूक पर पैनी नज़र रखो!
उनकी आत्मा में गांठें पड़ी हैं!
इसीलिए, एक युवा के रूप में, मैंने अपना लक्ष्य बनाया,
और बॉर्डर पेट्रोलिंग के दौरान मैंने ज़ूक्स पर कड़ी नज़र रखी!



बेशक, उस ज़माने में,
दीवार इतनी ऊंची नहीं थी
और तब मैं स्पष्ट रूप से
किसी भी ज़ूक को देख सकता था.



अगर कोई ज़ूक करीब
आने की हिम्मत करता
तो मैं उसे अपनी सख्त
बेर की कंटीली डंडी से मार सकता था.



कुछ समय तक तो बेर की डंडी ने ठीक काम किया.

सभी ज़ूक्स दीवार से दूर रहे

और हमारा देश सुरक्षित रहा.


फिर एक भयानक दिन

वैनइच नाम के एक बहुत ही असभ्य ज़ूक ने

मेरी बेर की डंडी पर अपनी गुलेल मारी!








टूटी हुई बेर की डंडी को देख मेरा सिर शर्म से झुक गया,
मैं बड़े दुःख के साथ चीफ युकेरू के पास गया.
लेकिन हमारा नेता बस मुस्कुराया. उसने कहा, "तुम्हारा कोई दोष नहीं हैं.
लेकिन उन ज़ूक्स को अब खेद होगा
क्योंकि उन्होंने ही यह गंदा खेल शुरू किया है.

"अब हम तुम्हें एक शानदार सूट पहनाएंगे!
हम तुम्हें शूटिंग के लिए एक बेहतरीन गुलेल देंगे!"
फिर चीफ ने कमरे में लड़कों को सोचने का आदेश दिया
कि वे किसी तरह एक बेहतरीन ज़ोरदार गुलेल बनाएं.

अपनी बेहतरीन ज़ोरदार गुलेल के साथ

मुझे निश्चित रूप से बहुत अच्छा महसूस हुआ.



मैं बड़े जोश और दम के साथ दीवार की ओर बढ़ा,


ट्रिगर पर हाथ रखकर मैं वैनइच की ओर बढ़ा.

"मैं अब और बकवास नहीं सहूंगा," मैंने भौंहें चढ़ाते हुए कहा,


"उन ज़ूक्स से जो डबलरोटी के नीचे मक्खन लगाते हैं!"

वैनइच काफी बीमार लग रहा था.

वह बड़ी तेजी से वहां से भाग गया.



लेकिन यह कहते हुए मैं बहुत दुखी हूं
कि वह अगले दिन फिर वापस आया
एक बड़ी नई मशीन के साथ एक शानदार नए सूट में,
वो भयावह मतलबी लग रहा था और वो बड़ी ज़ोर से गुर्राया,
“तुम अपनी ज़ोरदार गुलेल से उन कठोर चट्टानों को गिरा सकते हो.
लेकिन देखो, अब मेरा हाथ भी ट्रिगर पर है!




"मेरा अद्भुत हथियार, मेरी ज़बरदस्त मशीन,
तुम्हारे पत्थरों को तेज़ी से पकड़कर उतनी ही तेजी से उन्हें वापस फेंक देगी.
अब हम और कोई बकवास नहीं सुनेंगे.
अब हम और अधिक यातना सहन नहीं करेंगे
तुम जैसे लोगों से जो डबलरोटी के ऊपर मक्खन लगाकर खाते हैं!"



"मैं फेल हो गया हूं, सर," मैंने मुख्यालय के किले में, चीफ युकेरू को
अपनी रिपोर्ट सुनाते समय सिसकते हुए कहा.
चीफ बस हँसा. "उसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है.
देखो, हमारी पुरानी गुलेल
अब हो गई है फेल.
देखो मेरे लड़के, अब गुलेलें
आधुनिक हथियार नहीं हैं.

अब हमें नई तरह की बंदूकों की जरूरत है.
मेरे होशियार लड़कों ने पहले ही उनपर काम शुरू कर दिया है
एक भयावह हथियार के डिज़ाइन के बारे में
मेरे होशियार लड़के सोच रहे हैं.
वे सही रास्ते पर हैं.
वे जल्दी से उसे बनाएंगे
और फिर हम तुम्हें तुरंत दीवार पर वापस भेजेंगे!"



लड़कों ने एक बढ़िया उपाय सोचा!

उन्होंने निश्चित रूप से बेहतरीन, नया हथियार बनाया.

उन्होंने एक नायाब तोप बनाई

जिसमें उन्होंने शक्तिशाली गन-पाउडर भरा


साथ में चींटियों के अंडे और मधुमक्खियों के पैर


और सूखी-तली हुई सीपियां भी.

फिर उन्होंने डैनियल नाम के एक स्मार्ट कुत्ते को

सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित किया

उन्होंने देश का पहला तोप चलाने वाला कुत्ता तैयार किया.





फिर डैनियल, तोप और मैंने

दीवार की ओर दुबारा मार्च किया

हमारे सिर ऊंचे आसमान की ओर थे

क्योंकि सभी लोग हमारी जय-जयकार कर रहे थे

और उनकी जय-जयकार से आकाश गूँज रहा था:

"लड़ो! डबलरोटी पर ऊपर मक्खन के लिए लड़ो!

करो या मरो!"

खैर. . .

हम खास कुछ कर नहीं पाए.

लेकिन हम मरे भी नहीं.

लेकिन हम निश्चित रूप से ज़लील हुए, बेचारा डेनियल और मैं.

वैनइच भी वहाँ था! और उसने कहा, बूढ़े सुअर,

"देखो मेरे लड़कों ने इस नई, निराली तोप का आविष्कार किया है.


उसमें आठ नलियां हैं, और दो विशाल हाथी उसे उठाए हैं.

मेरी तोप, उच्च-विस्फोटक खट्टे चेरी के बीजों के गोले दागती है


देखो, मेरी तोप तुम्हारी घटिया तोप की ऐसी-तैसी कर देगी!"

तोप को देख बेचारा डैनियल और मैं बेहद डर गए!





एक बार फिर, वैनइच ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे हराया.
एक बार फिर मैं हारकर दीवार से लंगड़ाते हुए घर लौटा.
मैंने अपने पस्त शरीर को कैसे करके घसीटा
मेरा उत्साह एकदम कम हो गया,
जितना मैंने सोचा था वो उससे भी कम हो गया था,
फिर मैंने एक ज़ोरदार आवाज़ सुनी!
और संगीत की धुन के साथ!
हमारे मक्खन ऊपर लगाओ वाले बैंड ने
पहाड़ी पर चढ़ाई की!




चीफ युकेरू ने बैंड को मुझसे मिलने के लिए भेजा था
मेरा स्वागत करने के लिए मक्खन ऊपर लगाओ वाली लड़कियों के साथ.
उन्होंने गाया:
"देखो, वफादार रहो!
अपने मक्खन पर विश्वास करो!"
इस तरह उन्होंने मेरी आत्मा को गटर से बाहर निकाला!

"मेरे लड़के," चीफ युकेरू मुस्कुराए, "हमने अभी-अभी वोट किया है
हमने अब तुम्हें जनरल बना दिया है! तुम्हारी पदोन्नति हुई है.
तुम्हारी सुंदर नई वर्दी तैयार है. उसे तुरंत पहनों!
इसके बाद बड़ा युद्ध होगा. तुम उस युद्ध की कमान संभालोगे!
इसलिए, इस बार तुम्हारी जीत निश्चित होगी.

"मेरे लड़कों को नवीन हथियार बनाना पता चल गया है
थोड़ी प्रतीक्षा करो और खुद देखो कि उन्होंने अब क्या नया बनाया है!
उनकी बनाई महान नई मशीन में तुम उस दीवार के ऊपर उड़ान भरोगे
और फिर डबलरोटी के नीचे मक्खन लगाने वाले ज़ूक्स को मज़ा चखाओगे!"







पीछे वाले कमरे के लड़के निश्चित रूप से अकल्मन्द थे
उन्होंने मेरे लिए एकदम नायाब उड़ने वाला जहाज़ बनाया
और मैं धड़कते दिल के साथ मैं उस जहाज में चढ़ गया
और फिर मैं डबलरोटी के नीचे मक्खन लगाने वालों की
भूमि की ओर बढ़ा.

यह मशीन इतनी आधुनिक, इतनी भयानक और इतनी नई थी,
कि कोई भी ठीक-ठीक नहीं जानता था कि वो असल में क्या करेगी!


लेकिन इसमें कई नल थे जो नीला गोंद छिड़कते थे
नीला गोंद मेरी उड़ान के दौरान ज़ूक्स पर छिड़का जाएगा
वो गोंद उनके डबलरोटी के नीचे लगाए मक्खन पर चिपक जाएगा!

मैं बेतरतीब उड़ रहा था
जब मैंने यह चिल्लाने की आवाज सुनी,
"यदि तुम हम ज़ूक्स पर गोंद छिड़कोगे,
फिर हम भी तुम पर गोंद छिड़केंगे!”






वैनइच के पास भी बिल्कुल मेरे जैसा जहाज़ था!
और वह चिल्लाया, "मेरा नीला गोंद भी बिल्कुल ठीक काम कर रहा है!
और मैं तुमसे यहां यह कहना चाहता हूं
कि यदि तुम युक्स, ज़ूक्स पर गोंद छिड़कोगे,
तो बेहतर होगा कि तुम वो भूल जाओ.
'क्योंकि ज़ूक्स भी, यूक्स पर गोंद छिड़क सकते हैं!"



मैं तुरंत उड़कर घर वापस आया
और, जैसा कि आपने अनुमान लगाया होगा,
मैं एकदम निराश था,
परेशान था,
और उदास था.
और मैंने देखा, जैसे ही मैंने ज़मीन पर कदम रखा,
मैंने डबलरोटी के ऊपर मक्खन लगाने वाले बैंड
की सभी लड़कियों का भी वही हाल देखा.



बड़े ड्रम को बजाने वाली लड़की के कहा,
"वो उड़ान जो तुमने भरी, वो काफी ख़राब थी.
देखो, चीफ युकेरू तुम्हें ढूंढ रहे हैं!"



मैं चीफ के ऑफिस की ओर दौड़ा. वह स्थान दर्शनीय था.

"कोई डरने की बात नहीं है," चीफ ने कहा, "सब कुछ ठीक होगा.

मेरे अकलमंद लड़कों ने एक बेहतरीन चीज़ इज़ाद की है.

उन्होंने एक ऐसा गैजेट बनाया है जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था.

वो एक रहस्यमयी चीज़ से भरा हुआ है

और वो उन सभी ज़ुकों को बहुत दूर तक उड़ा सकता है.

उन्होंने बूमेरू-बम का आविष्कार किया है!

"तुम बस एक अच्छे छोटे आदमी की तरह दीवार की ओर दौड़ो.


और जितनी जल्दी हो सके उस बम को ज़ूक्स पर गिराओ.

मैंने सभी युक्स को ज़मीन के नीचे सुरक्षित रहने का आदेश दिया है


जब बूमेरू-बम उनके आसपास हो ."



जैसे ही मैं हाथ में बूमेरू-बम को लेकर दीवार की ओर दौड़ा,
मैंने देखा कि हमारे देश का हरेक युक
अपने चीफ युकेरू की आज्ञा का गंभीरता से पालन कर रहा था.




वे सभी बहादुरी से आगे बढ़ रहे थे,
लहराते बैनरों के साथ,
एक छेद के नीचे! अपने देश के लिए!
जहाँ मक्खन, डबलरोटी के ऊपर लगता था!



तभी दादाजी ने मुझे पाया!

उन्होंने मुझे पकड़ लिया. उन्होंने कहा,

"तुम्हें तो उस छेद के नीचे होना चाहिए था!

पर उसकी बजाए तुम यहाँ पर हो!

लेकिन शायद वो किसी-न-किसी तरह की बेहतरी के लिए ही है.


अब तुम मुझे इतिहास बनाते हुए देखोगे!

यहीं पर और अभी!"



दादाजी ने ऊंची छलांग लगाकर दीवार को पार किया
फिर उन्होंने अपने बैठे हुए गले को साफ़ किया
एक जोरदार डकार के साथ.
वह चिल्लाए, "देखो, यह उस भयानक शहर का अंत है
जहां ऐसे ज़ूक्स भरे हुए हैं जो मक्खन को डबलरोटी के
नीचे की तरफ लगाकर खाते हैं!"

और उसी क्षण हमने क्लुप्प-क्लुप्प की आवाज़ सुनी,
दीवार पर पैर टिकते ही बूढ़ा वैनइच उछल पड़ा!
उसके ज़हीन लड़कों ने उसके लिए भी एक बम बनाया था!
वैनइच की मुट्ठी में एक बहुत बड़ा बूमेरू-बम था!
"मैं तुम्हें उड़ा दूंगा," वह चिल्लाया, "सूअर के मांस और फलियों जैसे कुचल दूंगा!
मैं डबलरोटी के ऊपर मक्खन लगाने वालों के छोटे-छोटे टुकड़े कर दूँगा!"



"दादाजी!" मैंने चिल्लाकर कहा. "सावधान! रहें!
पता नहीं कौन गिराएगा पहले बम?
आप...? या वो...?"
"धैर्य रखो," दादाजी ने कहा. "हम देखेंगे.
हम उन्हें देख लेंगे..."

अंत

